**खबर संक्षेप**

### प्लेट मिल में पौधारोपण दिया हरियाली का संदेश

**भिलाई।** बीएसपी के प्लेट मिल विभाग में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता थे। अध्यक्षता कर रहे मुख्य महाप्रबंधक आरके बिसारे ने की। इस अवसर पर सीजीएम तरूण कनरार, डी एल मोईत्र, टी दस्तीदार, अरूण कुमार, एस के घोषाल, एस टोकदार, ए के दत्ता, राजीव पाण्डेय, संदीप माथुर उपस्थित थे। अधिकारियों ने पौधारोपण कर हरियाली का संदेश दिया।

### राष्ट्रीय पंजा कुश्ती में छत्तीसगढ़ का लहराया परचम

**भिलाई।** राष्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता 6 जून से 10 जू मे आयोजित हुई नागपुर में पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया के तत्वाधान कराई गई। सिने अभिनेत्री प्रीति झंगियानी की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के खिलाडियों ने 21 मेडल प्राप्त किये। छग के महासचिव श्रीकांत ने बताया कि विजेता खिलाडियो का चयन विश्व पंजा कुश्ती प्रतियोगिता यूरोप एवं ओपन एशिया पंजा कुश्ती प्रतियोगित 2024 2025 इंडिया के लिए किया गया हैं। पंजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष जी सुरेश पिल्ले व चेयरमैन बृजमोहन-सिंह व आनंद साहू ने खिलाड़ियों की हौसलाआफजाई की है। छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्णायक एवं टीम कोच ऋषभ जैन और टीम कप्तान सन्नी बँसोड प्रशिक्षक थे। महिला टीम कप्तान रुपाली फूले व टीम मैनेजर राम किशोर साहू व राष्ट्रीय रेफरी आशीष बँसोड ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया।

### श्रम मंत्री से मिले बीएमएस पदाधिकारी

**भिलाई।** गुरुवार को भिलाई इस्पात मजदूर संघ के अध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल, महामंत्री चन्ना केशवलू के सहित पदाधिकारियों ने श्रममंत्री लखन लाल देवांगन से रायपुर में मिलकर समस्याओं के निदान की मांग की। भिलाई इस्पात मज़दूर संघ ने मंत्री को पहली बार मान्यता में आयी यूनियन और प्रबंधन के बीच बैठकों में निष्क्रियता, संयंत्र में लगातार दुर्घटनाओं के बारे में जानकारी दी और भिलाई संयंत्र भ्रमण करने की माँग की । श्रम मंत्री को इस्पात मजदूर संघ द्वारा जुलाई माह में उत्कृष्ट श्रमिक सम्मान समारोह और अभ्यास वर्ग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधि मंडल में वशिष्ठ वर्मा, डिल्ली राव, जोगिंदर कुमार,गौरव कुमार,प्रकाश अग्रवाल, सुधीर गाढ़ेवाल. ए. वेंकट रमैया , घनश्याम साहू, उपस्थित थे ।

**पेज 9 का शेष**

### महेश नवमीं ...

ममता मुंदड़ा, धमतरी युवा संगठन अध्यक्ष गोबिंद सोमानी होंगे। कार्यक्रम में 8 बजे शोभायात्रा पश्चात पौधारोपण, गायन प्रतियोगिता, मारवाड़ी, ड्रामा, प्रतिभावान विधार्थियों का सम्मान तत्पश्चात साधार्मिक भोजन प्रसादी होगा।

# मूर्तिकार सत्यनारायण ने मां कौशल्याधाम का किया अवलोकन, बनाएंगे मूर्तियां

## अयोध्या के राम मंदिर की मूर्ति बनाने वाले जयपुर के पांडे पहुंचे जामड़ी पाटेश्वरधाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अयोध्या में रामलला की सफेद मार्बल की 7 महीने में मूर्ति बनाकर पूरे देश में चर्चित होने वाले जयपुर राजस्थान के प्रसिद्ध मूर्तिकार सत्यनारायण पांडे 14 जून को श्री जामड़ी पाटेश्वरधाम पहुंचे। संतश्री रामबालक दास महात्यागी सहित पाटेश्वर परिवार द्वारा उनका स्वागत किया गया। मूर्तिकार सत्यनारायण पांडे ने संतश्री रामबालक दास महात्यागी तथा पाटेश्वर परिवार के लोगों के साथ पूरे पाटेश्वर परिसर का भ्रमण कर अवलोकन किया। श्री पांडे ने निर्माणाधीन माँ कौशिल्याधाम मंदिर के द्वितीय तल का भी अवलोकन किया । उल्लेखनीय है कि



**ये रहे मौजूद**

श्री पांडे ने कहा कि जब से संतश्री रामबालक दास महात्यागी से उनकी मुलाकात हुई तथा माँ कौशिल्या तथा भगवान राम की मूर्ति बनाने के संबंध में चर्चा हुई तभी से उनका मन इस स्थान पर आने के लिए व्याकुल था। माँ कौशिल्या जहाँ विराजने वाली है वह स्थान कितना अलौलिक होगा। आज यहाँ आकर उनकी प्रतीक्षा तथा व्याकुलता समाप्त हुई है। इस अवसर पर पाटेश्वर संस्थान के आर्किटेक्ट सोरेन सिंह ,रघुनंदन सिंह उजाला, मीडिया प्रभारी जयेश ठाकुर, अभय श्रीवास्तव, डॉ.आर.के.अग्रवाल, सचिव पुसउ राम लहरे, घनश्याम महाराज, नरेन्द्र विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

निर्माणाधीन माँ कौशिल्या धाम में मंदिर के द्वितीय तल पर ही माँ कौशिल्या और भगवान राम के बालरूप के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होनी है, जिसकी तैयारी चल रही है। प्रसिद्ध मूर्तिकार सत्यनारायण पाण्डे ने पाटेश्वरधाम पर अपने प्रथम प्रवास के संबंध में प्रेस के साथ चर्चा करते हुये कहा कि यहाँ आकर उन्हें अद्भुत देवलोक जैसे वातावरण का अहसास हुआ है। यह स्थान संतश्री राजयोगी बाबा के तप के कारण राममय हो गया है। लगभग 48 वर्ष पूर्व संतश्री राजयोगी बाबा ने इस तपस्थली को पूर्ण राममय किया है। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य होगा कि उन्हें मां कौशिल्या एवं भगवान राम के बालरूप की विश्व की प्रथम मूर्ति को बनाने का अवसर प्राप्त होगा।

**विवाद : राह चलते धमकाने व जान से मारने की दी जा रही धमकी**

# न्यायालय की पेशी से लौट रहे परिवारों के सदस्य में मारपीट, दो मामले किए गए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

परिवारिक विवाद का मामला न्यायालय में चलने के बावजूद विवाद और मारपीट की घटनाएं हो रहीं है। मामले में परिवार के सदस्यों व पति- पत्नी में गालीगलौज, मारपीट, धमकाने व जान से मारने की धमकी दी जा रही है। ऐसे ही दो मामले पुलिस ने दर्ज किए हैं।

■ पुलिस ने विभिन्न धाराओं में जुर्म दर्ज कर शुरू की विवेचना

हाल ही में दो अलग अलग ताजा मामला सामने आया, जब परिवार के लोग एक दूसरे के साथ विवाद, अभद्र गाली गलौज व मारपीट जैसी घटना को अंजाम दिए। अपने ही परिवार के लोगों पर अभद्र व्यवहार, विवाद तथा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्रार्थी नूतन चंदेल ने बताया कि वह राजनांदगांव जिले की रहने वाली है जबकि उनका मायका ग्राम सांकरा–ज है। उन्होंने बताया कि हम लोग दो भाई, दो बहन हैं। दोनों बहन की शादी हो गई हैं। पिता के स्वर्गवास के बाद मां रम्भा बाई, भाई हेमन्त बघेल के पास रहती थी। हेमन्त बघेल ने मां को एक माह अपने पास रखने के बाद उसे घर से निकाल दिया। फिर मां रम्भा बाई मेरे पास आकर रह रही है। भाइयों द्वारा मां को घर से निकाल देने व भरण पोषण नहीं करने के कारण बहन सुनीता व मां रम्भा बघेल तीनों मिलकर पिताजी के नाम की जमीन का हिस्सा बंटवारा लेने के लिए तहसील न्यायालय बालोद में आवेदन दिए हैं। जहाँ न्यायालय में मामला चल रहा है। 13 मई को बंटवारा के लिए तहसील न्यायालय बालोद आये थे। बंटवारा में विरोधाभास होने पर हम दोनों बहनें एवं मां तहसील कार्यालय से बाहर निकलकर घर जा रहे थे।

तभी अपरान्ह करीबन 4:30 बजे तहसील कार्यालय के बाहर हनुमान मंदिर के पास पहुंचे थे कि मोटर सायकल में उसके दोनों भाई हेमंत बघेल, संतोष बघेल व भातीजा प्रशान्त बघेल पीछे से आए। गाली गलौच देते तीनों एक राय होकर तुम लोग सांकरा–ज में कदम रखोगे तो जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। हेमन्त बघेल ने नाखून से दाहिने बांह को खरोंच दिया। इस घटना के बाद मारपीट करने वाले तीनों व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 294, 323, 34, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**पत्नी ने भाई के साथ मिलकर धमकाया**



दूसरे मामले में प्रार्थी योगेश साहू ने बताया कि वह ग्राम बोरी लाटाबोड़ का रहने वाला है। योगेश और पत्नि के बीच अनबन हो गई है।पत्नी तोमेश्वरी साहू करीबन 1 साल 6 माह से अपने मायके अरमरीकला में रह रही है। योगेश साहू 12 जून 2024 को न्यायालय बालोद में पेशी होने से बालोद आया था। पेशी में पत्नी तोमेश्वरी साहू एवं उसका भाई धनंजय साहू भी आया था। पेशी उपरांत वह बालोद न्यायालय के बाहर में 12:30 बजे खड़ा था, तभी पत्नी तोमेश्वरी साहू एवं उसका भाई धनंजय साहू आए। उन लोगों ने कहा कि दहेज में जो सामान दिये है उसे वापस करो। इसके साथ ही पत्नी तोमेश्वरी गाली गलौज करने लगी। वहीं उसका भाई धनंजय अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दिया। इस घटना के बाद योगेश ने अपनी पत्नि और उसके भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में धारा 294, 34, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई में जुट गई हैं।

## बीमा, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में सुलझाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. प्रज्ञा पचौरी के मार्गदर्शन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालोद सरोजनंद दास द्वारा बीमा कंपनी के अधिकारी एवं अधिवक्ता की बैठक आयोजित की गई। नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

■ नेशनल लोक अदालत लगेगी 13 जुलाई को

बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालोद सरोजनंदास द्वारा बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं को मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में राजीनामा में आने वाली समस्याओं पर चर्चा कर जिन मामलों में बीमा शर्तो का उल्लंघन नहीं हुआ है, उन्हें आपसी राजीनामा के माध्यम से लोक अदालत में निराकरण कराने हेतु बीमा कंपनियों को निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोद के सचिव श्वेता उपाध्याय गौर तथा जिला अधिवक्ता संघ बालोद के अध्यक्ष अजय साहू व बीमा कंपनी के अधिवक्ता उपस्थित रहे। प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. प्रज्ञा पचौरी द्वारा जिला बालोद के समस्त न्यायिक अधिकारीगण को उनके न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य मामलों को चिन्हांकित कर उनकी सूची तैयार करने। उन मामलों में उभयपक्ष को नोटिस के माध्यम से आहूत कर प्री सीटिंग करने एवं आपसी समझौते के आधार पर मामले का निराकरण करने कहा। उन्होंने नेशनल लोक अदालत से अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभान्वित करने निर्देशित किया।

# महतारी वंदन योजना निम्न एवं मध्यम वर्ग की महिलाओं के लिए आर्थिक संबलता का आधार

## प्रदेश सरकार हर माह विवाहित महिलाओं को दे रही एक हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना निम्न एवं मध्यम वर्ग के महिलाओं के लिए अनेक दृष्टि से लाभप्रद सिद्ध होकर मुश्किल वक्त का सहारा बन गया है।

उल्लेखनीय है कि आज भी पुरुष प्रधान भारतीय समाज में महिलाओं को छोटी–बड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पुरुषों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। आज के दौर में भी कामकाजी महिलाओं द्वारा अपने मेहनत से किए गए अनेक कार्यों का पैसा भी उनके पिता, पति, ससूर या उनके घर के मुखिया के पास जमा होता है। लेकिन राज्य सरकार के महतारी वंदन योजना की राशि प्रतिमाह संबंधित महिला के खाते में सीधे जमा होने से यह राशि राज्य के महिलाओं के लिए बहुत ही उपयोगी साबित हो रहा है। पूरे राज्य की भाँति बालोद जिले में भी इस योजना का बेहतरीन प्रतिसाद देखने को मिल रहा है।

**छोटी- छोटी जरुरतों को कर रहे पूरा:** राज्य सरकार की इस लोक कल्याणकारी योजना के माध्यम से प्रतिमाह 1 हजार रुपए की राशि मिलने से जिले के ग्राम झलमला के वार्ड नंबर 08 की निवासी विवाहिता दुलेश्वरी के लिए आर्थिक संबलता का आधार बन गया है। इस योजना के फलस्वरूप राशि मिलने से दुलेश्वरी अपने छोटे बच्चों के लिए नियमित रूप से पौष्टिक भोज्य पदार्थों की प्रबंध करने के अलावा जरूरत पड़ने पर इलाज एवं साबुन सोडा इत्यादि छोटी–मोटी जरूरतों को आसानी से पूरा कर पा रही हैं। अब उन्हें अपने दैनिक आवश्यकताओं के लिए लगने वाली चीजों की पूर्ति तथा इलाज आदि आवश्यक कार्यों के लिए अब किसी के पास हाथ फैलाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है।



### मुश्किल वक्त का बन रही सहारा

इस योजना की सराहना करते हुए वार्ड नंबर 08 झलमला निवासी डिलेश्वरी पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना हमारे जैसे अनेक गरीब एवं मध्यम वर्ग के महिलाओं के लिए हर तरह से उपयोगी सिद्ध होकर मुश्किल वक्त का सहारा बन गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के लागू होने के पूर्व उसे व अनेक महिलाओं को बीमारियों के इलाज तथा दैनिक उपयोग की चीजों की खरीदी एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए अपने पति, ससूर तथा घर के मुखिया के ऊपर आश्रित रहना पड़ता था।

लेकिन प्रत्येक माह इस योजना की राशि उनके खाते में जमा होने से अब उसे इन चीजों का प्रबंध करने में किसी प्रकार की कठिनाई नही हो रही है। इसके अलावा वे अपने दो छोटे बच्चे पूर्वी एवं 02 वर्षीय बालक जतिन पटेल के लिए भी आसानी से पौष्टिक खाद्य पदार्थों का प्रबंध कर पा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा एक सच्चे अभिभावक की भाँति राज्य की असंख्य महिलाओं की वास्तविक पीड़ा एवं जरुरतों को समझते हुए राज्य में जो महतारी वंदन योजना लागू की गई है वह हर दृष्टि से सराहनी एवं काबिले तारीफ है। डिलेश्वरी ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा इस योजना को लागू कर महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनाने का कार्य किया है। जिसके फलस्वरूप हम महिलाओं में आत्मनिर्भरता एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ है।

# प्रतिबंध के बावजूद बोर खनन जारी अनुमति के नाम पर जमकर मची लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले मे बोर खनन पर लगा प्रतिबंध बोर खनन करने वाले लोगो के लिए अतिरिक्त कमाई का माध्यम बन गया है। बोर खनन के लिए अनुमति लेने के नाम पर किसानों को खुलेआम लूटा जा रहा है। बालोद विकासखण्ड में किसी को भी बोर खनन की अनुमति नहीं दी गई है। बोर खनन वाले किसानों से प्रशासन से अनुमति लेने के लिए बीस हजार रुपए तक अतिरिक्त राशि ले रहे हैं। यह आरोप ग्रामीणों ने भी लगाया है। जिले में भू जल स्तर नीचे जाने के कारण प्रशासन द्वारा बोर खनन पर कुछ दिनों पहले ही 30 जून तक प्रतिबंध लगाया गया है।

■ प्रशासन ने 30 जून तक बोर खनन पर लगाया है प्रतिबंध

जिले में 20 मई से आगामी 30 जून तक बोर खनन के लिए प्रतिबंध तारीख लगाया गया है। जिसके तहत जिले के बालोद, गुरूर, डौण्डी, डौण्डीलोहारा एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड को 30 जून तक जलअभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। बावजूद इसके प्रशासन के नियमों को ताक में रखकर अवैध बोरखनन किया जा रहा है। जिले के बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बेलमांड ,पोंडी, नवागांव, मटिया सहित विभिन्न ग्रामीण अंचल में किसानों द्वारा बोर खनन करवाया जा रहा है। बोर खनन पर प्रतिबंध का हवाला देकर खनन आदेश दिलाने के नाम पर किसानों से ज्यादा पैसा वसूल किया जा रहा है।



किसानों ने बताया की बोर खनन पर प्रतिबंध है। प्रशासन से आदेश दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपए की मांग की जा रही है। वही बोर खनन करने के लिए बोरवेल मशीन के चालकों द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की जा रही है। जैसे बोर खनन के लिए 130 रुपए प्रति फीट और पत्थर आने पर 180 रुपए प्रति फीट की मांग की जा रही है। प्रति फीट केसिंग पाइप की कीमत 400 रुपए वसूल किया जा रहा है। वही किसानों की माने तों वर्तमान समय बोर खनन के लिए उपयुक्त है। अभी जो बोर खनन से पानी निकलेगा उसका लेवल कम नहीं होगा। जिससे भविष्य में वाटर लेवल गिरने की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। किसानों के द्वारा बोर खनन करवाया जा रहा है।

### किसी को भी अनुमति नहीं दी गई

डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी एसडीएम बालोद प्राची ठाकुर ने बताया कि बोर खनन के लिए बालोद ब्लॉक में किसी भी किसान को प्रतिबंध की अवधि में बोर खनन के लिए अनुमति नहीं दिया गया है। अवैध बोर खनन करते पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

**पादुका पूजन कर गुरुदेव कुम्भज के विग्रह का हुआ अनावरण**

# स्वामी आत्माराम कुम्भज का 79वां अवतरण दिवस धूमधाम से मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले की अध्यात्म तीर्थ महर्षि मुक्त आश्रम हथौद में शिष्यों ने सद्गुरु ब्रम्हलीन वेदांत केशरी स्वामी आत्मा राम कुम्भज का 79वां अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रथम चरण में पंडित मनोज शर्मा सोरर द्वारा यजमान देवेंद्र साहू और धर्मपत्नी पद्मनी साहू के द्वारा पादुका पूजन कर गुरुदेव कुम्भज के विग्रह मूर्ति का अनावरण किया गया। द्वितीय चरण में पंडित देवी प्रसाद तिवारी दुर्ग द्वारा अध्यात्म निरूपण का कार्यक्रम की शुरूवात सम्पूर्ण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ गोपाल राम वर्मा थे। अध्यक्षता अध्यक्ष महर्षि मुक्ताश्रम लोक सेवा सार्वजनिक न्यास गोविंद राम साहू ने किया। विशेष अतिथि लखन नेताम और वरिष्ठ सदस्य मुक्ताश्रम न्यास रामभरोसा साहू द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।



पंडित देवी प्रसाद तिवारी ने कहा कि खामोशी बड़ी चीज है, पर कोई खामोश रहना नहीं चाहता, सब बोलना ही चाहते हैं। वृंदावन से आए नारायण दास भक्तमाली के कृपापात्र शिष्य संत जुगल शरण महाराज ने कहा की न केवल संसार भगवद प्राप्त महापुरुषों का अवतरण दिवस तो धन्यता का अनुभूति प्राप्त करते हैं।

### किया गया काव्य पाठ

चौथे चरण में साहित्य गतिविधि काव्य गुंजन स्वामी के कृपापात्र साहित्यकारों और कवि द्वारा प्रारंभ हुआ। जिसमें मीर अली मीर रायपुर, गीतकार शिवकुमार अंगारे मटिया बंगला, आकाशवाणी, दूरदर्शन, कलाकार और राष्ट्रपति पुरष्कृत शिक्षक सीता राम साहू, राष्ट्रपति पुरस्कृत व्याख्याता और कवि साहित्यकार जगदीश देशमुख ने स्वामी को याद कर काव्य पाठ किया। हास्य के कवि प्यारे लाल देशमुख, व्यंग्यकार कवि पुस्कर सिंह राजपूत ने कविता पाठ किया। संचालक केशव साहू थे। शिवकुमार अंगारे ने व्यंग गीत से काव्य मंच का समापन किया। आभार प्रदर्शन मुक्ताश्रम न्यास के उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू ने किया। सभी आमंत्रित अतिथियों और कविगणों को कार्यक्रम के प्रायोजक किसलय होम्यो एवं आयुर्वेद एजेंसी तथा गुरु कृपा बाल संस्कार अनस परिवार संस्कार परिसर बालोद के बच्चों द्वारा सम्मान भेंट किया गया। स्वामी के अवतरण दिवस के साथ ही क्षत्रिय कुलभूषण योद्धा अमर राजपूत के गौरव महाराणा प्रताप को भी स्मरण किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन नाड़ी विशेषज्ञ और स्वामी के कृपापात्र शिष्य पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने किया।

**इन्होंने दी सेवा:** सेवाधारियों में सागर दस माणिक पूरी, संतोष सिन्हा, ईश्वर सिन्हा, संतराम साहू, गैंद लाल खुरश्याम, लाडू सिंह, मोकावत नेमि साहू, प्रमोद साहू, केक्ति साहू, टेमीन, मनीष, डेमन, हस्मि, नंदकिशोर सहित साधक ने सेवा दी।

# सफल आडिट के बाद बीएसपी में आईएमएस सिस्टम नवीनीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मेसर्स टीयूव्ही द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र का इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम का पहला सर्विलांस आडिट किया गया। सफल आडिट के बाद बीएसपी को प्राप्त इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम सर्टिफिकेट को 2023–26 तक की अवधि के लिए पुनः प्रमाणन दिया गया।

इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रणाली शामिल हैं। इससे संयंत्र को विभिन्न प्रक्रियाओं में सहायता करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप दोषरहित उत्पाद एवं सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रभावी प्रक्रियाएँ और प्रशिक्षित कर्मचारी रखने में मदद मिलती है।

इन तीनों सिस्टम्स के मापदंडों को बनाये रखने और इस सर्टिफिकेट को जारी रखने के लिए यह अडिट किया गया। आडिट के पहले दिन कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार की अध्यक्षता में, अडिट किये जाने वाले संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक और वरिष्ठ अधिकारी, आडिटर्स के साथ बैठक में सम्मिलित हुए।संयंत्र, टाउनशिप और माइंस तीनों को कवर किया गया। मेसर्स टी.यू.व्ही. नर्ड द्वारा, 6 अडिटर्स नियुक्त किये गए थे। जिनमें से 3 आडिडिटर्स ने बीएसपी के सभी मानदंडों को सही पाया।

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद विद्यालय आमापारा में प्रवेश फार्म मिलेगा 18 से

**बालोद।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद में सत्र 2024–25 में शेष रिक्त सीट को भरने के लिए द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया ऑफ–लाइन के माध्यम से की जाएगी। प्राचार्य ने बताया कि रिक्त सीट हेतु आवेदन फार्म वितरण 18 जून से किया जा रहा है। आवश्यक दस्तावेज के साथ फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 25 जून रहेगी। आवेदन फार्म विद्यालय के मुख्य गेट से पालक प्राप्त कर सकते हैं। कक्षावार रिक्त सीट की जानकारी 18 जून को विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी।

### जिले में कहीं नहीं मिले बाल श्रमिक

**बालोद।** कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशन में बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून के अवसर पर बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन की दिशा में बचाव अभियान कार्यक्रम के तहत जिले में टॉस्कफोर्स टीम का गठन किया गया है। जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि गठित टास्कफोर्स टीम के माध्यम से जिले में स्थित उद्योगों, निर्माण कार्यों, दुकानों, होटल, ढाबा, वर्कशाप, आटोपार्ट्स, गैरेज, ईट भट्ठा, कबाडी इत्यादि में निरीक्षण कर बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान टीम को उद्योगों, संस्थानों में निरीक्षण किया गया, जहां कोई भी बाल श्रमिक नियोजित नहीं पाये गए।

### मरीजों की निजता का किया जाएगा सम्मान

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ ने राज्य के समस्त आयुक्त चिकित्सा शिक्षा, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं, संचालक आयुष, अधिष्ठाता समस्त शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन मुख्य अस्पताल अधीक्षक को परिपत्र जारी कर कहा है कि किसी भी शासकीय चिकित्सालय में उपचार करा रहे मरीजों की शासकीय अथवा गैर शासकीय व्यक्तियों के द्वारा किसी प्रकार की फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी नहीं की जाए, जिससे उनकी निजता भंग हो। श्री पिंगुआ ने उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा जनहित याचिका क्रमांक डब्ल्यूपीपीआईएल नंबर 38 ऑफ 2024 में 10 जून 2024 को पारित आदेश का हवाला देते हुए सभी मरीजों की निजता का सम्मान एवं उनके व्यक्तिगत अधिकारों का उल्लंघन न करने की बात कही है। समाज में एक जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनने के लिए यह आवश्यक है कि हम इस प्रकार के कृतियों से बचें और दूसरों के अधिकारों का सम्मान करें। उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

### "नारी शक्ति से जल शक्ति" थीम पर जल शक्ति अभियान

**दुर्ग।** धमधा विकासखण्ड के ग्राम पथरिया में मनरेगा के तहत स्वच्छ ग्राम हरित सप्ताह का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी नरेगा के तहत जल संरक्षण की दिशा में जन जागरूकता अभियान चलाकर जल संकट को दूर करने एवं वर्षा के जल को बचाने व भू जल को बढ़ावा देने के लिए एक मुहिम चलाया जा रहा है। इस दिशा में ग्राम पथरिया में जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नारी शक्ति से जल शक्ति थीम के तहत आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीईओ जिला पंचायत श्री अश्वनी देवांगन ने ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। श्री अश्वनी देवांगन सीईओ ने नारी शक्ति व ग्रामीणो से आव्हान किया कि जल है तो कल है।

# खेल मैदान के समीप नगर निगम डाल रहा कचरा डंप, बदबू से प्रशिक्षार्थी परेशान





अंडा। लक्ष्य मैदान अंडा में विगत 20 वर्षों से मिनी स्टेडियम में संचालित है। यहां आस-पास के 10 गांवों के लगभग 150 बालक बालिकाएं पुलिस भर्ती, आर्मी, और डिफेंस का प्रशिक्षण लेने शामिल होते हैं, लेकिन इस मैदान के पास बिल्डरी की खाली जमीन पर नगर निगम शहर का कचरा डंप कर रहा है। जिसकी बदबू से प्रशिक्षणार्थी खासे परेशान है। साथ ही प्रशिक्षण देने वालों को भी बदबू का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल से कचरा ठंप किए जाने के संबंध में कोई जानकारी लेने पर उनके द्वारा किसी भी प्रकार से जानकारी नही दी गई। प्रशिक्षणार्थियों ने नगर निगम से कचरा डालने पर रोक लगाने की मांग की है। शिकायत पत्र सौंपने के दौरान प्रशिक्षण गण भारत यादव, खिलेंद चंद्राकर, युवराज देशमुख, गुलशन दिल्लीवार, दिपेश, सोमेन्द, निशांत, प्रीति, रितिका, सुमन, झबिता, रश्मि सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## आयोजन : अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुईं विविध गतिविधियां

# खेल हर बच्चे का मौलिक अधिकार, नेतृत्व कौशल चुनौतियों से निपटने की क्षमता में होता है विकास





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

यूनिसेफ छत्तीसगढ, राज्य सरकार, और विभिन्न समुदाय के पालकों ने संयुक्त रूप से संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित पहले अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया। यह वैश्विक अभियान बच्चों के समग्र विकास में खेल के महत्व को रेखांकित करता है। यूनिसेफ छत्तीसगढ़ की शिक्षा विशेषज्ञ छाया कुवर ने कहा कि, "खेल हर बच्चे का मौलिक अधिकार है। यह न केवल उनके संज्ञानात्मक, शारीरिक, सामाजिक, और भावनात्मक कल्याण में योगदान देता है बल्कि उनके बौद्धिक, सामाजिक, भावनात्मक और शारीरिक क्षेत्रों में सीखने के अवसर देता है। खेल के माध्यम से, बच्चे एक दूसरों से संबंध बनाते हैं।

नेतृत्व कौशल व चुनौतियों से निपटने की क्षमता का विकास होता है। खेल से बच्चे अपने भय को पराजित करते हैं। यूनिसेफ छत्तीसगढ़ ने इस विशेष दिन को मनाने के लिए राज्य के चयनित जिलों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। इसके माध्यम से खेल के महत्व को बढ़ावा देते हुए स्वयंसेवक और माता–पिता, बच्चों को न केवल पारंपरिक बल्कि अन्य खेलों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। स्कूल, ऐडब्लूसी, और सार्वजनिक स्थानों पर हंसी और आनंद का केंद्र बनाया जाएगा, जहां बच्चे विभिन्न स्थानीय खेलों और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेंगे। महिला और बाल विकास विभाग के सहयोग से यूनिसेफ आंगनबाड़ी केंद्रों में "परवरिश के चौंपियन (पालन पोषण चौंपियन) कार्यक्रम के तहत खेल के महत्व पर सत्र आयोजित किया जा रहा है। संज्ञा टंडन,आरपा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी सामुदायिक रेडियो स्टेशन आज इस सकारात्मक अभियान का हिस्सा हैं। समुदाय के साथ माता–पिता की भूमिका और खेल के महत्व पर संवाद कर रहे हैं। निसेफ से संबंधित मीडिया कलेक्टिव फॉर चाइल्ड राइट्स बालोद जिले से सदस्य दीपक यादव ने बताया कि यह आयोजन विभिन्न स्थानों पर आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से हुआ।

#### बच्चों के साथ खेल गतिविधियों में हों शामिल

सामाजिक और व्यवहार परिवर्तन विशेषज्ञ, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ अभिषेक सिंह ने इस आयोजन की आवश्यकता और भविष्य में बच्चों के जीवन पर इसके सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा कि, "खेल बच्चों के जीवन में सृजनात्मकता, नवाचार, और नेतृत्व को बढ़ावा देता है। जब बच्चे खेलते हैं, तो वे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते हैं। इन उद्देश्यों के साथ, चलिए अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस का जश्न मनाते हैं। हमारे स्कूलों, घरों, और पड़ोस में बच्चों के साथ खेल की गतिविधि में शामिल होकर, उनके शारीरिक और मानसिक विकास में अपनी सफल भूमिका निभाएं।

# जपं की सामान्य सभा में हुए कई निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- पुराना जनपद पंचायत स्थित व्यवसायिक परिसर को खाली करने का प्रस्ताव पारित

जनपद पंचायत डौंडीलोहारा में शुक्रवार को सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें जनपद पंचायत के व्यवसायिक परिसर की दुकानों के संबंध में चर्चा की गई। चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया कि बगैर अनुमति के व्यावसायिक परिसर में प्रवेश किए गए व्यवसायियों को नोटिस जारी कर दुकान खाली करने की कार्रवाई किए जाने का निर्णय लिया गया। वहीं आगामी माह में व्यवसायिक परिसर की दुकानों की नीलामी की जावेगी। नीलामी प्रक्रिया की आवश्यक कार्रवाई के लिए साधारण सभा की बैठक में अनुमोदन रखा जाएगा। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पिछले वर्ष 22 दिसम्बर को आंगनबाड़ी में रिक्त पदों के लिए जारी किए विज्ञापन के तहत भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया। बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष जागृत सोनकर ने अन्य विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि समय सीमा में सभी कार्य को पूर्ण कर जनपद पंचायत को अग्रणी बनाने में सभी सहयोग करें। सीईओ रोशनी भगत टोप्पो ने सभी कार्यों की समीक्षा के दौरान सामान्य प्रशासन के समक्ष आवश्यक जानकारी बारी-बारी से दी। उक्त बैठक में जनपद अध्यक्ष जागृत सोनकर, उपाध्यक्ष पोषण बनपेला सहित सभापति संचार संकर्म केजूराम सोनबोइर, सभापति कृषि विभाग टेमन देशमुख सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# बादल छाये रहने के बाद भी गर्मी चरम पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- अस्पताल आने वाले लोगों में आज भी पेड़ के नीचे वाहन खड़ी करने मची रहती है होड़



ग्रीष्मकाल समाप्त होने के बाद अमूमन 15 जून तक जिले में मानसून दस्तक देता है, लेकिन इस बार शायद मानसून जिले से मिलों दूर है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है, क्योंकि आज 15 जून है, लेकिन मानसून ने दस्तक नहीं दिया है, बल्कि गर्मी चरम पर है। तपती धूप ने आज भी लोगों को परेशान करना नहीं छोड़ा है।

यही कारण है कि आज भी लोग एसी, कूलर सहित ठंडकता वाले जगह में रहना पसंद कर रहे हैं। शुक्रवार को दोपहर जिला अस्पताल के बाहर एक तस्वीर देखने को मिली, जहां एक छायादार पेड़ के नीचे वाहनों को खड़ी करने की होड़ मची हुई थी। वहीं अस्पताल के सामने जहां पर भी छाव मिल जाये लोग वहां बैठते नजर आए। दरअसल जिला अस्पताल में रोजाना 300 से 400 लोग विभिन्न बीमारियों का इलाज कराने पहुंचते हैं। ऐसे में जितनी भीड़ अस्पताल के अंदर मरीजों की होती है, उतनी ही भीड़ अस्पताल के बाहर वाहनों की होती है। लोग तपति धूप से वाहनों को बचाने छायादार जगह देखर वाहन को खड़ी कर देते हैं। मौसम विभाग की पूर्वानुमान की माने तो आज से आने वाले करीब 4–5 दिनों में बादल छाए रहने और बारिश होने की संभावना जताई जा रही है, लेकिन जिस प्रकार से वर्तमान स्थिति भीषण गर्मी की है, उसे देख कर अंदाजा लगाया जा रहा है कि जिले में मानसून आने का और इंतजार करना पड़ सकता है। वहीं तापमान की बात करें तो दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जबकि रात का तापमान 31–32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना अभी भी करना पड़ रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय गुरुकुल भवन के भूमिपूजन में शामिल हुए सांसद विजय बघेल

**अंडा।** ग्राम अमलीडीह में श्री सहजानंद अंतरराष्ट्रीय गुरुकुल भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल शामिल हुए। भूमि पूजन कर सभी उपस्थितजनों को उन्होंने बधाई दी। इस अवसर पर पौधारोपण किया गया एवं पर्यावरण बनाये रखने हेतु सभी से अधिक से अधिक पौधा लगाने आग्रह किया। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा। भारतीय संस्कृति सम्पूर्ण विश्व के लिए सदैव आदरणीय एवं वंदनीय रही है। इसका एक मात्र कारण यह है कि भारत में प्राचीनकाल से जो शिक्षा दी जाती हैं वह गुरुकुलों से प्राप्त होती है।

भारत की इस दिव्य विरासत को हमारे छत्तीसगढ़ में जीवित रखने के लिए आज गुरुकुल का भूमिपूजन किया गया। आने वाले समय में यहां से बच्चे शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार, समाज, प्रदेश व अपने देश का नाम रौशन करेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, जिला पंचायत सदस्य दुर्ग हर्षा लोकमानी चंद्राकर, उत्तर मंडल अध्यक्ष लोकमणि चंद्राकर, दक्षिण मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मध्य मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, जनपद सदस्य धनश्याम कौशिक, सरपंच अमलीडीह शेषणारायण साहू, सांसद प्रतिनिधि पप्पू चंद्राकर, पार्षद मनीष यादव शास्त्री, धनश्याम प्रकाश दास, शास्त्री कृष्ण वल्लभ दास, हर्षद भाई पटेल आदि मौजूद थे।





# शिक्षक दंपती ने मंदिर निर्माण के लिए दिया 11 हजार रुपए दान



**गुण्डरदेही।** समीपस्थ ग्राम खुटेरी निवासी सेवानिवृत शिक्षक दंपति सांवत राम साहू एवं रूप साहू द्वारा पाटेश्वर धाम में बन रहे कौशल्या माता मंदिर निर्माण के लिए 11 हजार रुपए दान प्रदान किए। प्रेरणा स्रोत के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता केशव राम साहू उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्ति पश्चात सावंत राम साहू अपने गृह ग्राम खुटेरी में स्वर धारा मानस मंडली की स्थापना कर सनातन धर्म संस्कृति एवं संस्कार की शिक्षा मानस प्रवचन के माध्यम से सुदूर अंचल तक शिक्षा का प्रकाश फैलाते रहे। अपने पेंशन की राशि का कुछ अंश जरूरतमंद, मानवीय, कल्याणकारी कार्यों में लगाते हैं। अपने शिक्षकीय जीवन के अनुभव से बताते हैं कि ज्ञान बांटने से बढ़ता है, धन बांटने से शुद्धता आती है। परोपकार सेवा से लोक परलोक दोनों में यश की प्राप्ति होती है। 86 वर्ष के उम्र के वयोवृद्ध होने पर भी योग प्राणायाम एवं स्वाध्याय करते है।

# माहेश्वरी समाज आज मनायेगा महेश नवमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- काल भैरव मंदिर से साहू सदन तक निकाली जाएगी

माहेश्वरी समाज की उत्पत्ती दिवस महेश नवमी उत्सव 15 जून को मनाया जाएगा। इस दिन माहेश्वरी समाज द्वारा विविध आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रभारी के रुप में संयुक्त मंत्री प्रदेश सभा ओमप्रकाश टावरी, प्रादेशिक कार्य समिति सद्स्य युवा संगठन अंकित बजाज सम्मिलित होंगे। मुख्य अतिथि विधायक बालोद संगीता सिन्हा होंगी।

माहेश्वरी सभा अध्यक्ष गुलाब टावरी, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू टावरी व माहेश्वरी युवा मण्डल अध्यक्ष धीरज माहेश्वरी ने बताया 15 जून को शिव पूजा, अभिषेक व महाआरती प्रातः 6.30 से कालभैरव मंदिर में की जाएगी। इसके बाद 8 बजे काल भैरव मंदिर से साहू सदन तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद पौधारोपण किया जाएगा। प्रातः 10 से 1 बजे तक साहू सदन में मंचीय कार्यक्रम संपन्न होगा, जिसमें दीप प्रज्ज्वलन, अतिथि स्वागत, स्वागत नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अध्यक्षीय उद्बोधन, बुजुर्गो का सम्मान, मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान, देवरानी जेठानी सम्मान किया जाएगा। इसके बाद म्युजिकल सरप्राईज गेम रात्रि 8 से 9 बजे तक होगा। अंताक्षरी प्रतियोगिता रात्रि 9 से 10.30 बजे तक साहू सदन में होगा। इसमें माहेश्वरी पंचायत गुरूर से अध्यक्ष गुलाब चंद टावरी, सचिव स्वरूप राठी, माहेश्वरी महिला मण्डल गुरूर अध्यक्ष मंजू टावरी, सचिव ममता टावरी, माहेश्वरी युवा संगठन गुरूर अध्यक्ष धीरज माहेश्वरी, सचिव प्रखर टावरी के साथ समाज के सदस्य पदाधिकारी व सामाजिकगण उपस्थित रहेंगे।

### महेश नवमी पर आज होंगे विविध कार्यक्रम

**बालोद।** महेश नवमी पर माहेश्वरी पंचायत बालोद द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी महासभा रायपुर सुरेश मुदंड़ा होंगे। कार्यक्रम में 14 जून को माहेश्वरी भवन में माला जाप व भजन का आयोजन होगा। 15 जून को सुबह 8 बजे महावीर गौशाला में गौमाता को गुड़ रोटी का भोग लगाया जाएगा। 8.30 बजे पार्थिव शिवलिंग पूजन होगा, 9 बजे रक्तदान कार्यक्रम निर्धारित है, 10.30 बजे से अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के निर्देशानुसार ध्वजारोहण एवं महेश वंदना, आरती एवं महाप्रसादी 12 बजे, दोपहरा 2 बजे वरिष्ठ महिलाओं एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, 5 बजे शोभा यात्रा गणेश मंदिर से आरंभ होकर जलेश्वर महादेव में महाआरती करते हुए माहेश्वरी भवन में समाप्त होगी। इसमें माहेश्वरी पंचायत अध्यक्ष स्वरूप राठी, सचिव संजोग टावरी, माहेश्वरी महिला मंडल बालोद अध्यक्ष संगीता टावरी, सचिव ज्योति राठी, माहेश्वरी युवा मंच बालोद अध्यक्ष यश चांडक, सचिव केशव मंत्री, महेश नवमी महोत्सव प्रभारी अशोक टुवानी, रवि जाजू, लक्की चांडक के अलावा सामाजिक सदस्यों की सहभागिता रहेगी।

### ड्रोन से भूमि व भवनों का जीआईएस सर्वे

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई द्वारा अपने भवनो एवं भूमियो का जी.आई.एस. सर्वे ड्रोन के माध्यम से कराये जाने की अनुशंसा महापौर परिषद द्वारा प्रदान की गई। निगम भिलाई क्षेत्र के जितने भी आवासीय एवं व्यावसायिक भूमि, भवन, गार्डन, रोड, पानी टंकी, मार्केट, स्कूल, शासकीय भवनों को इसके माध्यम से जुड़ जायेगें।

### कुथरेल में सदगुरु कबीर साहेब प्रकट दिवस उत्सव आज

**अंडा।** मानिकपुरी (पनिका) समाज परिक्षेत्र कुथरेल के तत्वावधान में सदगुरु कबीर साहेब प्रकट दिवस उत्सव का आयोजन आज ग्राम कुथरेल में मनाया जायेगा। आज सुबह 8 बजे से शोभा यात्रा, भजन मंडलियों के साथ 12 बजे से- भजन सत्संग प्रवचन एवं शाम को चौकाआरती, महंत गन्नूदास साहेब ग्राम चीचा दल्लीराजहरा, महंत ओहंगदास साहेब, ग्राम हरडुआ देवकर द्वारा संपन्न करायी जाएगी। भजन एवं कीर्तन जत्था में देवेन्दर सिंग सिब्बल, प्रदीप सिंह ज्ञानी पंजाब मौजूद रहेंगे।

मुख्य अतिथि दुर्गग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, विशेष अतिथि प्रदेश अध्यक्ष-प्रांतीय मानिकपुरी पनिका समाज ललितदास मानिकपुरी, सुन्दरदास मानिकपुरी प्रदेश उपाध्यक्ष-प्रांतीय मानिकपुरी पनिका समाज, सुरेश दास मानिकपुरी जिला अध्यक्ष-प्रांतीय मानिकपुरी पनिका समाज दुर्ग,

बृजमोहन दास मानिकपुरी जिला अध्यक्ष-प्रांतीय मानिकपुरी पनिका समाज बालोद सहित ग्राम कुथरेल के मानिकपुरी पनिका समाज के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, चैमड़ी, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने–जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371